Sixteenth Loksabha

an>

Title: The Speaker made reference to the passing away of Shri Jeetendra Singh Bundela, a member of the 15th Lok Sabha.

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को हमारे पूर्व साथी श्री जितेन्द्र सिंह बुन्देला के दुखद निधन के बारे में सूचित करना है।

श्री जितेन्द्र सिंह बुन्देला मध्य प्रदेश के खजुराहो संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 15वीं लोक सभा के सदस्य थे। इससे पहले श्री बुन्देला वर्ष 2003 से 2008 तक मध्य प्रदेश विधान सभा के सदस्य रहे। वह मानव संसाधन विकास संबंधी समिति के सदस्य भी रहे। सामाजिक कार्यों में उनकी गहरी रुचि थी।

श्री जितेन्द्र सिंह बुन्देला का निधन 60 वर्ष की आयु में 3 फरवरी, 2019 को नई दिल्ली में हुआ।

हम अपने साथी के निधन पर गहन शोक व्यक्त करते हैं तथा यह सभा शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती है।

अब यह सभा दिवंगत आत्मा के सम्मान में कुछ देर मौन रहेगी।

11 01hrs

The Members then stood in silence for a short while.